बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-266
25/08/2024

पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 बी0पी0 मंडल जी की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना, 25 अगस्त 2024 :– पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 बी0पी0 मंडल जी की जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पटना के देशरत्न मार्ग एवं सर्कुलर पथ चौराहा स्थित आदमकद प्रतिमा के समीप जयंती के मौके पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव, सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री रत्नेश सादा, विधान पार्षद श्री वीरेन्द्र नारायण यादव, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 बी0पी0 मंडल जी के पौत्र डॉ0 मनीष मंडल, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद, जदयू नेता श्री निखिल मंडल, जदयू नेता श्री वीरेन्द्र सिंह दांगी सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 बी0पी0 मंडल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन–कीर्तन एवं बिहार गीत का गायन किया गया।

*****